# ठंडी और गंदी घास पर बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार

## बैरसिया के सांदीपनि स्कूल की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल



**बैरसिया, 12 जनवरी. शासकीय सांदीपनि ठाकुर लाल सिंह विद्यालय बैरसिया में सोमवार को स्वामी विवेकानन्द के जन्मदिन 'युवा दिवस' के अवसर पर सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम कुछ तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चौक चौराहों पर चर्चाएं गर्म हैं.**

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और तस्वीरों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि स्कूल प्रबंधन ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा शिक्षकों के लिए मंच पर कालीन बिछाया है. उस पर वे सूर्य नमस्कार और योगाभ्यास कर रहे हैं. दूसरी तरफ मंच के सामने मैदान में कतारों में बैठे सैकड़ों विद्यार्थी ओस जमी ठंडी और गंदी घास पर बैठकर सूर्य नमस्कार और प्राणायाम करते हुए दिखाई दे रहे हैं. ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल देख लोग यह चर्चा करते नजर आए कि लगभग 40 करोड़ रुपये से बने सांदीपनि (सीएम राइज) विद्यालय के प्राचार्य सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए टाटपट्टी तक की व्यवस्था नहीं कर सके.



## पीएमश्री गर्ल्स स्कूल में हुआ सूर्य नमस्कार

**स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजन**

स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर सोमवार को पीएम श्री शासकीय सरोजिनी नायडू गर्ल्स स्कूल बैरसिया में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ. कार्यक्रम के व्यवस्थापक वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला के मुताबिक मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाते हुए नगर के युवाओं और स्कूल की 1200 छात्राओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया. कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला शिक्षा समिति के सभापति मोहन सिंह जाट, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप सिंह राठौड़ एवं एसडीएम आशुतोष शर्मा सहित पूर्व नपाध्यक्ष राजमल कुशवाह, वरिष्ठ समाजसेवी दीपक दुबे, पूर्व पीटीए अध्यक्ष लालाराम साहू, पार्षद आकाश यादव, प्राचार्य गीता जोशी मंचासीन थीं. योगाभ्यास शिवनारायण पाल एवं पर्वतसिंह राजपूत ने कराया. संचालन दिनेश कुमार शुक्ला द्वारा किया गया.

# उज्जैन में श्रीमहाकाल महोत्सव कल से

**सीएम करेंगे शुभारंभ**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 जनवरी. बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन एक बार फिर भारतीय संस्कृति, कला और अटूट श्रद्धा के महोत्सव की साक्षी बनने जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 जनवरी को शाम 7 बजे श्रीमहाकाल महालोक उज्जैन में पांच दिवसीय श्रीमहाकाल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे.**

18 जनवरी तक चलने वाला यह महोत्सव श्रीमहाकाल महालोक और त्रिवेणी संग्रहालय के प्रांगण में कला, संगीत और वैचारिक विमर्श का अनूठा संगम होगा. इस अवसर पर संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज सहित जन-प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे. वीर भारत न्यास और श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त तत्वावधान में यह महोत्सव आयोजित किया जा रहा है.

महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक त्रिवेणी संग्रहालय में मध्यप्रदेश की समृद्ध जनजातीय संस्कृति के दर्शन होंगे. इसमें छिंदवाड़ा का भड़म, बैतूल का ठाट्या, धार का भगोरिया और सागर का बरेदी जैसे पारंपरिक नृत्यों का प्रदर्शन होगा. साथ ही, प्रतिदिन निकलने वाली कला यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्रीमहाकाल लोक पहुंचेगी, जिसमें शिव बारात, डमरू वादन और मलखंब के रोमांचक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र होंगे. सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ, 15 जनवरी को प्रात: 10.30 बजे एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा.

**दिग्गज कलाकार देंगे प्रस्तुतियां**

- **14 जनवरी :** महोत्सव के पहले दिन सुप्रसिद्ध पार्श्वगायक शंकर महादेवन अपने पुत्रों सिद्धार्थ और शिवम् के साथ शिवोऽहम् की संगीतमय प्रस्तुति देंगे.
- **15 जनवरी :** मुम्बई का प्रसिद्ध द ग्रेट इंडियन क्वायर% शिवा थीम पर प्रस्तुति देगा.
- **16 जनवरी :** सुप्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा अपनी संगीत यात्रा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी.
- **17 जनवरी :** इंदौर के श्रेयश शुक्ला एवं मुम्बई के विपिन अनेजा व उनके बैंड द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति होगी.
- **18 जनवरी :** महोत्सव का समापन इंडोनेशिया कोकोरदा पुत्रा और श्रीलंका अरियारत्ने कालूराच्ची के दलों द्वारा प्रस्तुत शिव केंद्रित नृत्य नाटिका से होगा, जो महोत्सव के अंतरराष्ट्रीय विस्तार को दर्शाएगा.

# पंकज चुने गए दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट अध्यक्ष

- 726 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की



**भोपाल, 12 जनवरी. राजधानी भोपाल की धार्मिक-सामाजिक संस्था 'दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट, चौक' के चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए. इस चुनाव में पंकज सुपारी ने अपने प्रतिद्वंद्वी को भारी मतों के अंतर से शिकस्त देते हुए जीत दर्ज की है.**

इस विजय के साथ ही वे पुन: अध्यक्ष पद की कमान संभालेंगे. निर्वाचन प्रक्रिया के अंत में घोषित परिणामों के अनुसार, पंकज सुपारी को 726 मतों के अंतर से विजयी घोषित किया गया. जीत की घोषणा होते ही समर्थकों ने जयकारों के साथ उनका स्वागत किया.

# मप्र रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस 15 को

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 जनवरी को भोपाल स्थित ताज लेकफ्रंट होटल में आयोजित मध्यप्रदेश रीजनल एआई इम्पैक्ट कांफ्रेंस-2026 में एआई-सक्षम शासन और आर्थिक परिवर्तन के लिए राज्य के रणनीतिक रोडमैप को प्रस्तुत करेंगे.**

कांफ्रेंस एआई अनेबल्ड गवर्नेंस फॉर एन एम्पावर्ड भारत की थीम पर आयोजित होगी. मध्यप्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा इंडिया एआई मिशन के सहयोग से कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है. इस कॉन्फ्रेंस में आईआईटी इंदौर नॉलेज पार्टनर, आईआईटीआई-दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन प्रदर्शनी भागीदार के रूप में सहयोग करेंगे. इससे एआई आधारित शासन और प्रौद्योगिकी के लिए अकादमिक और उद्योग समन्वय सशक्त होगा.

कांफ्रेंस में मप्र इनोवेशन एक्सपो का उद्घाटन किया जाएगा. इस एक्सपो में इंडियाएआई पवेलियन, मध्यप्रदेश पवेलियन, स्टार्टअप शोकेस, हैकाथॉन एरिना और स्टार्टअप प्रतियोगिता शामिल होंगे. कांफ्रेंस के शुरूआती सत्र में अपर सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं सीईओ इंडिया एआई अभिषेक सिंह, निदेशक आईआईटी इंदौर सुहास एस. जोशी संबोधित करेंगे. अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे द्वारा एआई फॉर पीपल, प्लेनेट एंड प्रोग्रेस-मध्यप्रदेश रोडमैप टू इम्पेक्ट पर राज्य का प्रमुख एआई विजन प्रस्तुत किया जाएगा. मुख्य सचिव अनुराग जैन कांफ्रेंस को संबोधित करेंगे. सत्र का समापन पोर्टल्स के शुभारंभ, समझौता ज्ञापनों, नवाचार एवं युवा एआई पहलों से संबंधित महत्वपूर्ण घोषणाओं के साथ होगा.

# युवक का शव मिला हत्या की आशंका

सिलवानी. सोमवार की शाम को नगर से लगभग 4 किलोमीटर दूर जुनिया पुल के पासएक युवक का शव मिला. मृतक हिरदेश यादव (26 वर्ष) के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. मृतक के भाई दीपेश यादव ने बताया घटना की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुंचा तो वह कम गहरे पानी में मुंह के बल डूबा हुआ मिला.

# राम किशन गुर्जर बैरसिया बीआरसी नियुक्त



**बैरसिया.** जिला शिक्षा केन्द्र जिला भोपाल में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत सहायक परियोजना समन्वयक एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) की प्रशासनिक आधार पर पदस्थापना में कलेक्टर एवं मिशन संचालक कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने संशोधन कर तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त का आदेश सोमवार को जारी किया है. कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में रामकिशन गुर्जर को बैरसिया बीआरसी एवं बालेंद्र सिंह को फंदा बीआरसी नियुक्त किया है. वही रुपाली रिछारिया को सहायक परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र में (बालिका शिक्षा) की जिम्मेदारी दी गई है.


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जाहर सिंह यादव आत्मज श्री सीताराम यादव आयु वयस्क निवासी ग्राम मारोतखेरा, बमनोरा कलां, घुवारा तहसील घुवारा जिला छतरपुर म.प्र. का निवासी हूँ। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम दिव्यांशी यादव (Divyanshi Yadav) है, आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम प्रियंका (Priyanka ) अंकित हो गया है, अब मेरी पुत्री प्रकाशन उपरांत अपने सही एवं वास्तविक नाम दिव्यांशी यादव (Divyanshi Yadav) से जानी पहचानी जायेगी एवं सभी शासकीय/ अर्द्ध शासकीय दस्तावेजो में मेरी पुत्री का यहीं नाम रहेगा।

आवेदक जाहर सिंह यादव जाहर सिंह यादव | पुराना नाम प्रियंका (Priyanka ) नया नाम, दिव्यांशी यादव (Divyanshi Yadav)


# डॉक्टर का मरीज के परिजन से विवाद, 6 पर केस



**बेगमगंज, 12 जनवरी. शासकीय सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉ. अमन सेन का बीती रविवार की शाम करीब 6 बजे फिर से मरीज के परिजनों से विवाद हो गया. डॉक्टर सेन ने 6 युवाओ के खिलाफ मामला दर्ज कराया है.**

सूत्रों के अनुसार रोशन लोधी नामक युवक के पांव में चोट होने के कारण उसके कुछ मित्र उसे लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर को दिखाने के बाद रोशन की ड्रेसिंग कराने लगे. इस बीच अस्पताल कैंपस में खड़े उसके मित्र आसपास में मजाक और गाली-गलौच करने लगे तब ड्यूटी पर मौजूद डॉ. सेन ने बाहर आकर उन्हें गाली - गुफ्तार करने को मना किया तो युवक भड़क गए और उन्होंने डॉक्टर सेन से झूमाझटकी करते मारपीट कर दी. जिसके बाद अस्पताल में हंगामा हो गया और स्वास्थ्यकर्मियों ने भी हंगामा खड़ा कर दिया जिससे अस्पताल में अफरातफरी का वातावरण बन गया. सूचना मिलते ही मौके पर थानाप्रभारी राजीव उइके पुलिसबल के साथ पहुंच गए और मामले को शांत कराया. तब तक आरोपी फरार हो गए थे.

इधर घटना की जानकारी लगते ही सोमवार को सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री बेगमगंज पहुंचे और उन्होंने संबंधित घटना को लेकर सभी डॉक्टर्स की बैठक ली और घटना की निंदा करते हुए सभी डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों को समझाइश देते हुए कहा , ध्यान रहे मरीजों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाते हुए समय पर उनका उपचार करें और परिवार के सदस्यों के समान व्यवहार करें. इसके अतिरिक्त उन्होंने अस्पताल में शुद्ध पानी और साफसफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए.

# सांची विवि में हवन के बाद किया सूर्य नमस्कार

**भोपाल.** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में आज स्वामी विवेकानंद की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में योग एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा प्रात:कालीन यज्ञ एवं सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी सूर्यनमस्कार और योग किया. योग विभाग में विधिवत हवन सम्पन्न हुआ. सामूहिक सूर्य नमस्कार के माध्यम से प्रतिभागियों ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया. योग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उपेंद्र बाबू खत्री ने यज्ञ के वैज्ञानिक पक्ष से परिचित कराया. उन्होंने कहा कि यज्ञ चेतना विस्तार का एक विज्ञान है और यह व्यक्तिगत ना होकर समष्टिगत चेतना का विस्तार है तथा यज्ञ समाज को एक सूत्र में बांधता है और यह विश्व कल्याण की भावना से किया जाता है.

# अनियमितता पाये जाने पर तीन उपयंत्रियों के खिलाफ कार्रवाई

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 जनवरी. नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगर परिषद सोनकच्छ में मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना में अनियमितता पाये जाने पर 3 उपयंत्रियों सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कर वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिये हैं.**

आयुक्त भोंडवे के निर्देशों के मुताबिक मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत पाईपलाइन के कार्य में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत को सही पाये जाने पर उपयंत्री श्रीमती शिवानी गर्ग और ओमप्रकाश द्विवेदी की 3 वेतनवृद्धियां साथ ही उपयंत्री शशांक शाह की 2 वेतनवृद्धियां संचयी प्रभाव से रोकी गई है. इसके अतिरिक्त तत्कालीन सीएमओ सीएल. कैथल की एक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से तथा मोहम्मद अशफाक खान एवं रवि भट्ट की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है.

भोंडवे ने कहा कि संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का यह कृत्य घोर लापरवाही, उदासीनता एवं शासकीय दायित्वों के प्रति गंभीर उपेक्षा का परिचायक है. इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता. उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग भविष्य में भी ऐसी अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई जारी रखेगा.

## मकर संक्रांति पर भोपाल में स्थानीय अवकाश

**भोपाल, 12 जनवरी.** राज्य शासन ने वर्ष 2026 के लिए भोपाल जिला स्थित समस्त शासकीय कार्यालयों, संस्थाओं के लिए स्थानीय अवकाश की घोषणा की है. सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं. आदेश के मुताबिक मकर संक्रांति 15 जनवरी, अनंत चर्तुदशी 25 सितम्बर, महानवमी 19 अक्टूबर एवं भोपाल गैस त्रासदी बरसी दिवस 3 दिसम्बर (केवल भोपाल नगर के लिए) स्थानीय अवकाश घोषित किया गया हैं.

# 1041 लीकेज सुधारे, टंकियों की सफाई की

**इंदौर की घटना के बाद सबक**

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 12 जनवरी. इंदौर में जहरीले पानी से मौत की घटना के बाद अब सबक लेते हुए नगरीय प्रशासन विभाग ने शहरों में पेयजल आपूर्ति से जुड़े कामों को नये सिरे से दुरुस्त कराने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है.**

जल सुरक्षा, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के उद्देश्य से स्वच्छ जल अभियान के तहत अब तक नगर पालिक निगमों में कुल 1041 लीकेज सुधार कार्य, 222 टंकियों की साफ-सफाई और 696 ट्यूबवेलों के जल का परीक्षण कराया गया है.

इसी प्रकार नगर पालिका परिषदों में 341 लीकेज सुधार कार्य, 344 ओवर हेड टैंकों की सफाई तथा 368 ट्यूबवेलों के जल का परीक्षण कार्य कराया गया है. इसी तरह नगर परिषदों में अब तक 339 लीकेज सुधार कार्य, 663 ओवर हेड टैंकों की सफाई तथा 1272 ट्यूबवेलों के जल का परीक्षण कराया जा चुका है. इसके अतिरिक्त 413 नगरीय निकायों के तहत संचालित जल प्रदाय योजनाओं में वार्ड स्तर पर कुल 14829 वाटर फील्ड टेस्ट कराए गए हैं. अभियान के माध्यम से नगरीय क्षेत्रों में सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सतत और प्रभावी कार्यवाही की जा रही है. ये अभियान 10 जनवरी से लगातार जारी है.


## कार्यालय शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर (म.प्र.)

क्र./437/तैयार भोजन/ई-निविदा/2026 सीहोर, दिनांक 8/1/2026

**तैयार भोजन ई-निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाश सत्र 2025-26**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा शास. आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर म.प्र. में सत्र 2025-26 के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जिसके अंतर्गत तैयार भोजन ई-टेंडर आमंत्रण का प्रकाशन किया जाना है.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | तैयार भोजन | निविदा क्र. 2026_DPI_474356_1 |

सरल क्रमांक 1 पर अंकित तैयार भोजन ई-निविदा की जाना है, जो कि भंडार क्रय नियम सेवा उपार्जन नियम 2015/2024 के सभी नियमानुसार उप नियम तथा शर्तों के अंतर्गत ई-निविदा द्वितीय आमंत्रित की जाना है.

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा जारी करने की दिनांक | 8/1/2026 |
| ऑनलाइन निविदा में भाग लेने की अंतिम दिनांक | 15/1/2026 |
| ऑनलाइन निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने की दिनांक | 19/1/2026 |
| ऑनलाइन निविदा की वित्तीय बिड खोले जाने की दिनांक | 22/1/2026 |

क्रय समिति अध्यक्ष/ सदस्यों के निर्णय अनुसार वित्तीय दर खोली जावेगी.

**नोट:-** ई-निविदा की वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर अपलोड की जा रही है.

प्राचार्य
शा. आवासीय खेलकूद संस्थान, सीहोर (म.प्र.)

G24235/25

## मध्यप्रदेश शासन
## सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा)
## मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल-462004

क्र. 4/0021/2025-जीएडी-12(1)-01(जीएडी)/59 भोपाल, दिनांक 8/1/2026

**निविदा सूचना**

मंत्रालय, वल्लभ भवन क्रमांक- 01, 02 एवं 03 में माननीय मंत्रीगणों/ अधिकारियों के कक्षों/ शाखाओं में स्थापित अलमारी/ टेबिल ड्रॉज की मरम्मत/ तालों की चाबी बनाने संबंधी कार्य हेतु निविदा पोर्टल विभागीय वेबसाइट https://www.gad.mp.gov.in/tenders के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारंभ करने की तिथि व समय | दिनांक 9/1/2026 अपरान्ह 1 बजे से |
| 2. | प्राप्त निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 23/1/2026 सायं 5 बजे तक |
| 3. | निविदाओं को खोलने की तिथि व समय | दिनांक 28/1/2026 दोपहर 12.30 बजे से |
| 4. | प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान | मंत्रालय, वल्लभ भवन क्रमांक-01 समिति कक्ष क्रमांक- 116 |
| 5. | निविदाओं को खोलते समय निविदाकर्ता की उपस्थिति प्रार्थनीय है | मंत्रालय, वल्लभ भवन क्रमांक- 01 समिति कक्ष क्रमांक- 116 |

(मनोज श्रीवास्तव)
अवर सचिव (अधीक्षण)
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

G24250/25

## कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा (म.प्र.) 450001

क्रमांक 727/ स्वा. वि. / ई-टेण्डरिंग / 2026 खण्डवा, दिनांक- 09/01/2026

**-: निविदा विज्ञप्ति ::-**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है. उल्लेखित कार्य की निविदा का विस्तृत वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑनलाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_474594_1 | DEVELOPMENT OF A MUNCIPAL SOLID WASTE PROCESSING FACILITY 134 TPD WHICH INCLUDE WASTE TO BIO GAS PLANT AND MRF FACILITY AT KHANDWA MUNCIPAL CORPORATION ON A PUBLIC PRIVATE PARTNERSHIP BASIS. | 1914.00 Lacs | 9,57,000/- | 25,000/- | AS PER RFP |

निविदा ऑनलाइन कय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :- 24/01/2026 (शाम 5.30 बजे तक)
निविदा खोलने की दिनांक :- 27/01/2026 (प्रातः 10:30 बजे)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम, खण्डवा

## कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग इंदौर, परिक्षेत्र इंदौर

गायत्री मंदिर के पास, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)
ई-मेल : cepwdwest@mp.nic.in, दूरभाष : 0731-2491825

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 11/सा./40/निविदा/2025-26 इंदौर, दिनांक 8/1/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा तीन लिफाफा पद्धति में आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | पोर्टल क्रमांक क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रु. लाख में) | अमानत राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र की राशि (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की निर्धारित अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB_473638 | इंदौर | चन्द्रवतीगंज से पोटलोद खेड़ी बलगारा दयाखेड़ी चितौड़ा का 2-लेन उन्नयन कार्य मार्ग लंबाई 16.20 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित. | 3205.89 | 1602945/- | 50000/- | 14 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2025_PWDRB_473639 | इंदौर | काकरिया बोरडिया से जमूड़ी सरवर जिंदाखेड़ा पालकाकरिया मार्ग लंबाई 09.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित | 1099.14 | 1000000/- | 30000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2025_PWDRB_473640 | इंदौर | लालखेड़ा कयस्थखेड़ी खंडेलवाल गोदाम बायपास मार्ग लंबाई 04.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित. | 782.30 | 782300/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4. | 2025_PWDRB_473642 | इंदौर | अजनोद से पालकाकरिया बालौदा टाकुन मार्ग लंबाई 07.20 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित. | 772.69 | 772690/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 5. | 2025_PWDRB_473644 | इंदौर | पुवार्डा हैप्पा से हतुनिया मार्ग लंबाई 05.50 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित. | 652.13 | 652130/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 6. | 2025_PWDRB_473645 | अलिराजपुर | कडवानिया से गुजरात सीमा तक मार्ग लंबाई 06.50 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित. | 866.76 | 866760/- | 20000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 7. | 2025_PWDRB_473646 | खरगौन | बाड़ी मुलथान गोगावां घुघरियाखेड़ी रूपखेड़ा मार्ग लंबाई 38.72 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य. | 878.74 | 878740/- | 20000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित |
| 8. | 2025_PWDRB_473647 | खरगौन | ठीकरी मार्ग का विशेष मजबूतीकरण कार्य मार्ग लंबाई 34.40 कि.मी. | 777.89 | 777890/- | 20000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित |
| 9. | 2025_PWDRB_473649 | खरगौन | उमरखली से धूलकोट मार्ग लंबाई 27.20 कि.मी. का विशेष मजबूतीकरण कार्य. | 665.69 | 665690/- | 20000/- | 05 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | महायोग | 9701.23 लाख | | | |

निविदा प्रपत्र उपरोक्त दर्शित वेबसाइट से निविदा का निर्धारित मूल्य ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किए जा सकते हैं. निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 23/1/2026 समय 17.30 तक निर्धारित है. निविदा की विस्तृत शर्तें एवं नियम उपरोक्त दर्शित पोर्टल पर देखी जा सकती हैं. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, यदि हो तो उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाकर केवल वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किया जाएगा. सभी दस्तावेज केवल ऑनलाइन वेबसाइट पर ही प्रस्तुत करें. भौतिक रूप से कोई दस्तावेज इस कार्यालय में न भेजे जाएं.

G24266/25 मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. इंदौर, परिक्षेत्र इंदौर